अमर उजाला
28-02-2025

प्रतिभागियों को दी फैब्रिक पेंटिंग की बुनियादी जानकारी

फैब्रिक पेंटिंग पर कार्यशाला में पहुंचे शिक्षक और प्रतिभागी । कॉलेज

संवाद न्यूज एजेंसी

गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में हुआ कार्यशाला का आयोजन

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में फैब्रिक पेंटिंग पर वीरवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य छात्रों को डिजिटल कौशल और कलात्मक रचनात्मकता के अनूठे मिश्रण के साथ सशक्त बनाना, व्यावहारिक अनुभव के माध्यम से उद्यमशीलता की भावना को बढ़ावा देना रहा।

सृजन स्टार्ट-अप सेंटर की प्रतिभाशाली टीम एवं सृजन स्टार्ट-अप सेंटर के संस्थापक कपिल मदान, सीईओ रितिक एवं शाखा प्रबंधक सागरिका के नेतृत्व में कार्यशाला में प्रतिभागियों को फैब्रिक पेंटिंग की बुनियादी जानकारी दी गई।

यह कार्यशाला कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग की डीन डॉ. प्रबलीन कौर के नेतृत्व में आयोजित की गई। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि यह कार्यशाला छात्रों के लिए सीखने और कमाई के साथ-साथ अपनी रचनात्मक क्षमता का पता लगाने का एक शानदार अवसर है। इसी तरह कॉलेज में व्यक्तिगत स्वच्छता पर जागरूकता रैली का आयोजन किया।

प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने छात्रों को प्रेरित किया और व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि स्वच्छता न केवल हमारे स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करती है, बल्कि बीमारियों की रोकथाम और संपूर्ण कल्याण को भी बढ़ावा देती है।